एक नजर में

14 यूनिट रक्तदान किया

खालवा। खालवा विकासखण्ड के ग्राम मैदारानी में जन अभियान परिषद के सहयोग से शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के विद्यार्थी मेंटर ओर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा 14 यूनिट रक्तदान किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह भी मौजूद थे। श्री शाह ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इस अवसर पर कहा कि रक्तदान अवश्य करें। आपके द्वारा किये गये रक्तदान से हम किसी का जीवन बचा सकते हैं।

लक्ष्य निर्धारण कर तनावमुक्त हो पढ़ाई करें जरुर सफलता मिलेगी : जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी

खंडवा। जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य तय करें और लक्ष्य भी बडा तय हो। प्रतिदिन घर पर सभी विषय को पढ़ें। हर विषय की कठिनाइयां दूर करने के लिये आपकी अतिरिक्त कक्षाएं भी लगाई जाएगी। लक्ष्य निर्धारण कर तनावमुक्त हो पढ़ाई करें जरुर सफलता मिलेगी। उक्त विचार शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ओमकारेश्वर में आनंद सभा मोटीवेशन कक्षा दसवीं में कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी ने छात्र छात्राओं को समझाते हुए विचार व्यक्त किए। आनंद विभाग के जिला समन्वयक केबी मंसारे ने आनंद सभा सत्र में पांच मिनट मौन ध्यान की गतिविधि कराई। तीस सेकंड की ताली की रोचक गतिविधि से छात्र छात्राओं को बहुत आनंद आया। बच्चों ने बताया कि हमें बहुत जल्दी क्रोध आता है। परीक्षा का तनाव रहता है। उनकी जिज्ञासाओं को दूर किया गया। मंसारे ने कहा कि जीवन में असफलता को भी स्वीकार करें,घबराएं नहीं। समस्या का समाधान जरुर मिलेगा। सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े। मनोरंजक गतिविधियों से छात्र छात्राओं ने खुब आनंद लिया। इस दौरान शिक्षक साथी लोकेन्द्र यादव,लोकेश चक्रवेदी,सचिन यादव,गरिमा रेवापाटी, संजय मालवीय का सहयोग रहा।

सद्भावना मंच ने बेसहारा लोगों को बांटे कंबल

खंडवा। सद्भावना मंच द्वारा शीतलहर को देखते हुए कल रात 12 बजे तक फुटपाथो पर, रेलवे ओवर ब्रिज, रेलवे स्टेशन, दोनों बस स्टैंड, हॉस्पिटल परिसर तथा अन्य जगहो पर भारी ठंड में सो रहे लोगों पर वहां जाकर कंबल ओढ़ाए। मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया संस्थापक प्रमोद जैन के नेतृत्व में संपन्न इस वितरण कार्य में गणेश भावसार,कमल नागपाल,मुरली कोडवानी,सुभाष मीणा,करण लखोरे, कैलाश पटेल जितेंद्र पटेल, आदि उपस्थित रहे। प्रमोद जैन ने कहा कि सद्भावना मंच की विभिन्न सामाजिक कार्यों की यह परंपरा अनवरत जारी रहेगी।

मोतियाबिंद की नि :शुल्क सर्जरी के लिए 20 मरीजों को इंदौर भेजा

खण्डवा। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किल्लौद विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किल्लौद में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि शिविर में 62 मरीजों की आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिए 20 मरीजों का चयन किया गया। इन सभी मरीजों को नि :शुल्क ऑपरेशन के लिए विशेष वाहन से इंदौर के चौइथराम नेत्रालय भेजा गया।

मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण कर पहुंचे खंडवा

खंडवा। मध्य प्रदेश की जीवनदायनी मां नर्मदा के दर्शन मात्र से ही हमारे पाप नष्ट होकर पुण्य की प्राप्ति होती है। अति प्राचीन मां नर्मदा है, देश में एकमात्र नर्मदा नदी है जिसकी परिक्रमा सुख शांति और समृद्धि के लिए की जाती है। यह बात नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर खंडवा पहुंचे खंडवा के पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा ने कही, श्री वर्मा ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि हमारे जिले मे मां के दर्शन हमें प्राप्त हो जाते हैं। संकल्प के अनुसार मां नर्मदा की परिक्रमा करना था जो पूर्ण हुई,परिक्रमा के दौरान नर्मदा के आसपास मंदिरों के दर्शन, संतों के दर्शन के साथ ही मां नर्मदा के अलग-अलग रूपो के दर्शन, पूजन एवं आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की अलौकिक और पुण्यदायिनी माँ नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण कर दादाजी धूनीवाले की नगरी में पधारे खंडवा के पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा अपनी सात दिवसीय नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण कर दादाजी धाम खंडवा पहुंचे। दादाजी के दर्शन करने के पश्चात महापौर अमृता अमर यादव, अमर यादव टीम के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासियों ने देवेंद्र वर्मा का स्वागत किया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सभी के कल्याण एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए नर्मदा की यात्रा पूर्ण कर शुक्रवार को देवेंद्र वर्मा ने खंडवा नगर आगमन पर सर्वप्रथम श्री दादाजी धूनीवाले के दर्शन किए,देवेंद्र वर्मा के साथ कैलाश राठौर,आशीष राजपूत,राहुल मेहता नर्मदा परिक्रमा मैं साथ थे।

वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई

खंडवा। जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट,सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 52 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही.एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 22600/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

पीसीसीएम सेंट्रल रेलवे ने खंडवा स्टेशन का किया निरीक्षण

रेल यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए सांसद पाटिल और चेंबर ऑफ कॉमर्स का पत्र सौंपा

नवभारत न्यूज

खंडवा। सेंट्रल रेलवे मुंबई से प्रिंसिपल चीफ़ कमर्शियल मैनेजर (पीसीसीएम) अरविन्द मालखेड़े ने खंडवा स्टेशन का आज औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और चेंबर ऑफ कॉमर्स की और से रेल यात्री सुविधाए बढ़ाने और गुड्स यार्ड में सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए पत्र सौंपा गया।

रेल समिति सदस्य मनोज सोनी,प्रवक्ता सुनील जैन और सुभाष जोशी ने अरविंद मालखेड़े का मोती की माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा खंडवा रेलवे संबंधित मांगे रखी। जिसमें खंडवा से थ्रू निकलने वाली ट्रेन संख्या 22171/71 रानी कमलापति पुणे और 02131/32 जबलपुर पुणे साप्ताहिक का कमर्शियल स्टॉपेज देने की मांग की मनोज सोनी ने कहा दोनों ट्रेनों का खंडवा से छोटे स्टेशनों पर

स्टॉपेज है लेकिन खंडवा जैसे बड़े स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं दिया गया है।जबकि यहां से पुणे के लिए यात्रियों द्वारा और अधिक ट्रेनों की मांग की जा रही है। खंडवा बुरहानपुर के लिए ट्रेनों में कोटा देने की भी मांग रखी।

खंडवा गुड्स यार्ड में व्यापारियों को लोडिंग अनलोडिंग में आसानी हो इसको लेकर सुविधाएं बढ़ाने की मांग रखीं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की श्री मालखेडे ने खंडवा स्टेशन पर प्लेटफार्म निरीक्षण भी किया एवं रेलवे से जुड़े अधिकारियों से चर्चा भी की। मनोज सोनी सुनील जैन ने सांसद श्री पाटिल के पत्र सोंपने के साथ ही विशेष रूप से भुसावल नागपुर ट्रेन को चलाने हेतु भी चर्चा की गई।

इस निरीक्षण में पीसीसीएम अरविन्द मालखेड़े ने पूरे स्टेशन,पेनल बिल्डिंग, गुड्स यार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी,प्रवक्ता सुनील जैन, सुभाष जोशी, सीनियर डीसीएम अजय कुमार शाक्य, एसीएम प्रहलाद सिंह, नितिन राठौड़, एडीईएन एच ओ मीणा,स्टेशन मैनेजर अरविंद कुमार साहा, टी आई सुनील गुप्ता,संजीव कुमार,एन के शर्मा,नीलेश बाथो और कमल नागपाल आदि मौजूद थे।

प्रसूता के परिजनों से रुपए मांगने के आरोप में 2 नर्सिंग ऑफिसर के विरुद्ध हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

खंडवा। मीडिया में प्रसारित खबरों के माध्यम से संज्ञान में आया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खालवा में ग्राम गोमुखधाना निवासी श्रीमती फूलवती पति संतोष काजले के प्रसव के पश्चात नर्सिंग ऑफिसर कुमारी वर्षा वैद्य व कुमारी राधा चौहान ने प्रसूता के परिजनो से रुपयों की मांग की।

कार्रवाई

जिस पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नर्सिंग ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खालवा वर्षा वैद्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुनासा निर्धारित किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी ।

इसके अलावा कलेक्टर श्री गुप्ता ने संविदा नर्सिंग ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खालवा कु. राधा चौहान के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के मिशन संचालक को प्रस्ताव भेजा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि राधा चौहान को आगामी आदेश तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खालवा से हटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किल्लौद में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया हे।

चलती ट्रेन से लगाई मौत की छलांग

नवभारत न्यूज

खंडवा। शहर के एक नौजवान का फिल्मी स्टंट जैसा रियल वीडियो सामने आया है। उसे कोई जानता या ना जानता हो। सबका दिल दहल गया।

चलती रेल में एक युवक ने अपनी जिंदगी खत्म कर ली। सुसाइड से पहले युवक ने वीडियो जारी किया। जिसमें उसने कहा कि मैं नागपुर से इटारसी आया हूं। यहां से खंडवा जा रहा हूं। मैं ट्रेन में हूं। आपको बता रहा हूं कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे सकता। इसके बाद युवक ने ट्रेन से छलांग लगा दी।

नागपुर में जलेबी की दुकान पर काम करता था इरफान

शहर के खानशाह वाली क्षेत्र ही मृतक युवक के परिजन अब्दुल हामिद खत्री ने बताया कि युवक इरफान खत्री पिता मोहम्मद अली नागपुर में रहकर जलेबी दुकान पर काम करता था। शुक्रवार को वह खंडवा के लिए निकला था, लेकिन इटारसी के बाद उससे संपर्क नहीं हो रहा था। इस बीच उसका एक वीडियो सामने आया जिससे परिवार में खलबली मच गई। उसकी तलाश मे जुट गए।

इरफान का ही था शव

शनिवार मोघट थाने से सूचना मिली कि एक शव मिला। उसके बाद हम लोग अस्पताल पहुंचे। देखा कि यह शव इरफान का ही है। हमारी पुलिस प्रशासन से एक ही मांग है, कि इस घटना के पीछे जो कारण हो वह सामने लाया जाए। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपकर मामला जांच में लिया है।

जय भोले ग्रुप और जिए सिंध सेवा संगम ने बांटे गर्म कपड़े और स्वल्पाहार

नवभारत न्यूज

खंडवा। बढ़ती ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए सामाजिक संस्थाओं ने मानवता की मिसाल पेश की है। नगर की प्रमुख संस्था जय भोले ग्रुप एवं जिए सिंध सेवा संगम द्वारा शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शीत लहर से बचाने के लिए गर्म टोपे, मोजे एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया।

शिक्षा और सेवा का संगम...मनोहर शामनानी

इस सेवा कार्य में जय भोले ग्रुप के संस्थापक मनोहर शामनानी और लायंस क्लब खंडवा ओजस माइक्रो कैबिनेट व जिए सिंध सेवा संगम की राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन संजना खत्री ,जिए सिंध सेवा संगम की सचिव पुष्पा चंचलानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब खंडवा ओजस एवम जय भोले ग्रुप द्वारा बच्चों को शैक्षणिक सामग्री के रूप में पुस्तिकाएं (कॉपी) ,पेंसिल भी वितरित की गईं।

शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का आधार-संजना खत्री

उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संजना खत्री ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र माध्यम है जिससे बच्चे अपने और अपने परिवार का भविष्य संवार सकते हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी हमें अपनी पढ़ाई जारी रखनी चाहिए।

स्कूल स्टाफ ने जताया आभार

शासकीय स्कूल की प्राचार्य प्रतिभा दीक्षित एवं शिक्षक नंदकुमार आवचे सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने इन सामाजिक संस्थाओं के इस पुनीत कार्य की सराहना की।

शिक्षक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कड़ाके की ठंड में बच्चों को मिले इन गर्म कपड़ों और स्टेशनरी से उन्हें पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर जय भोले ग्रुप और लायंस क्लब के अन्य सदस्य व विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

निलंबित सीडीपीओ नेहा यादव को प्रतिदिन जिला निर्वाचन कार्यालय में देना होगी हाजिरी

नवभारत न्यूज

खंडवा । कमिश्नर इंदौर संभाग द्वारा गत दिवस परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग खालवा नेहा यादव को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए थे।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि निलंबित परियोजना अधिकारी श्रीमती यादव का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय खंडवा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें प्रतिदिन निर्वाचन कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि ऐसा न करने पर श्रीमती यादव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

तीसरे दिन मलबा हटाने का कार्य शुरू

नवभारत न्यूज

खंडवा। शहर के सघन इलाके में गुरूवार को एक मकान गिर गया था। जिसके बाद तीसरे दिन यह से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया गया।

वही इस घटना के बाद नगर निगम शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग कर रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

जामा मस्जिद कमेटी के मेंबर की मस्जिद में मौत

खंडवा। करीब 20 सालों से हरिगंज स्थित शहर की जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य हाजी शेख अलीम ठेकेदार (56 वर्ष) की मस्जिद में वुजु करते समय मौत हो गई। घटना गुरुवार की है वे इशा की नमाज पढ़ने मस्जिद पहुंचे थे। वे अच्छी तरह चलते हुए वुजु खाने तक पहुंचे और वहीं बैठकर आजान खत्म होने का इंतजार कर रहे थे इसी दौरान वे गश खाकर गिर पड़े। मस्जिद कमेटी के कोषाध्यक्ष एडवोकेट अशफाक खान ने बताया कि मस्जिद में मौजूद लोग कुछ समझ पाते इससे पहले उनकी सांसें उखड़ गई। यहां से उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को उन्हें बड़ा कब्रस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में 16 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 12 प्रकरणों मे 16 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 07 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 04 गिरफ़्तारी, 18 जमानती वारंट, 38 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

नगर निगम चौराहे स्थित महात्मा गांधी जी प्रतिमा के समक्ष करेंगे आंदोलन

खंडवा। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) योजना का नाम बदले जाने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस द्वारा नगर निगम चौराहे पर स्तिथ महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के सामने आज शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस ने इसे गांधी विचारधारा और ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर हमला बताया। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस विधायक दल ने भी विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। जिसको लेकर जिला कांग्रेस खंडवा ग्रामीण और जिला कांग्रेस खंडवा शहर के तत्वावधान में समस्त कांग्रेसजनों द्वारा आज दिनांक 21 दिसंबर रविवार को दोपहर 2 बजे नगर निगम चौराहा गांधी प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण आंदोलन किया जाएगा।

ग्राम सेल्दा माल में ग्रामीणों ने किया श्रमदान

नवभारत न्यूज

खण्डवा। खण्डवा जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं।

इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शुक्रवार को हरसूद विकासखंड के ग्राम सेल्दा माल में समीप स्थित नाले पर जल संरक्षण के लिए बोरीबंधान संरचना निर्मित की गई। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि यह कार्यक्रम विकासखंड समन्वयक, परामर्शदाता,सीएमसीएलडीपी कोर्स के विद्यार्थियों के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक ललित पंवार ने जल संरक्षण के लिए रूफ वाटर हार्वेस्टिंग विषय पर जानकारी दी।

निगम अपनी जिम्मेदारी कब निभाएगा : शिवसेना

नवभारत न्यूज

खंडवा। शहर में एक इमारत ताश के पत्तों की तरह जमीदोज हो गई थी इस इमारत के बाजू में निर्माण कार्य चल रहा था जिसके चलते इमारत की नींव कमजोर हो गई और वहां गिर गई इसके बाद नगर निगम हरकत में आया और संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर नोटिस कार्रवाई की गई।

उक्त आरोप लगाते हुए शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने कहा कि मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारियों को नोटिस तो दे दिया गया साथ ही अब बिना अनुमति बने बेसमेंट पर भी कार्रवाई होना चाहिए और जहां पर बेसमेंट की जगह पर दुकान संचालित हो रही है उन पर भी कार्रवाई हो।

श्री भावसार में आगे कहा कि घटना के तीसरे दिन जेसीबी से मलबा हटाया गया तो वह पर गहरे गड्ढे पानी से भरे हुए थे। नगर निगम द्वारा बेसमेंट की कार्रवाई 2024 में हुई थी उसके बाद शहर में धड़ल्ले से नए बेसमेंट बनाए गए। 2025 दिसंबर तक अनेक स्थानों पर नए बेसमेंट बनकर संचालित हो रहे हैं निगम की कार्य शैली संदेह की दायरे में आ गई है । अब कलेक्टर की नजर ऐसे मामलों में तो है ही साथ ही यातायात विभाग भी लगातार इस तरह के मामलों पर निगम से पत्र व्यवहार भी लगातार करती रहती है। क्योंकि ट्रैफिक रोड पर लगता है तो सबसे ज्यादा यातायात विभाग को ही टारगेट किया जाता है । जबकि निगम की बिल्डिंग परमिशन के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। श्री भावसार ने कहा कि इसलिए अब जरूरी है कि कलेक्टर स्वयं संज्ञान लेकर मॉनिटरिंग करें।

स्पोर्ट्स डे — **खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया**

बच्चों ने खेलों के माध्यम से दिखाया उत्साह,आत्मविश्वास और टीम भावना

नवभारत न्यूज

ओंकारेश्वर। ओंकारेश्वर पावर स्टेशन परिसर में संचालित फर्स्ट स्टेप विद्यालय में वार्षिक स्पोर्ट्स डे का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास,उल्लास और रंगारंग वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डी.के.द्विवेदी,परियोजना प्रमुख, ओंकारेश्वर पावर स्टेशन तथा अंजना द्विवेदी, लेडीज क्लब अध्यक्षा, ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात खेल भावना को समर्पित इस आयोजन की औपचारिक शुरुआत की गई।

स्पोर्ट्स डे के अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विभिन्न रोचक एवं मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें सेक रेस, रनिंग रेस, रिंग रेस, टैग ऑफ वार एवं फ्रॉग रेस प्रमुख रहीं। बच्चों ने पूरे जोश, उमंग और अनुशासन के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खेल मैदान में बच्चों की सक्रिय भागीदारी और मुस्कुराते चेहरों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। अभिभावक, शिक्षकगण एवं अतिथि बच्चों का उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट के साथ करते रहे।

इस अवसर पर डी.के. द्विवेदी, परियोजना प्रमुख ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, सहयोग, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है, जो उनके सर्वांगीण विकास की नींव रखता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं चंचला सिन्हा, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) एवं अध्यक्षा, फर्स्ट स्टेप विद्यालय ने कहा कि बचपन में खेलों के माध्यम से सीखना बच्चों के लिए न केवल आनंददायक होता है, बल्कि यह उन्हें स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक होता है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी बच्चों की सहभागिता की सराहना करते हुए शिक्षकों के सतत प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी, वहीं उनमें आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने का उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया।

स्पोर्ट्स डे के अवसर पर विनोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ओएंडएम), रंजना सिंह, दर्शन सिंह, सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ, समस्त विभागाध्यक्ष, ओंकारेश्वर पावर स्टेशन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उनके परिजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार फर्स्ट स्टेप विद्यालय का स्पोर्ट्स डे आयोजन आनंद, उल्लास और प्रेरणादायक वातावरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।